"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 41] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 13 अक्टूबर 2017—आश्विन 21, शक 1939

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 13 सितम्बर 2017

क्रमांक एफ 2-4/2017/1-8.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री आशीष कुमार भट्ट (भा.व.से.-1988), सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ उन्हें सचिव, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा आयुक्त सह-संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

श्री आशीष कुमार भट्ट द्वारा सचिव, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, तथा आयुक्त सह-संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय का कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से श्री अनिल कुमार साहू (भा.व.से.-1990), सचिव, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा आयुक्त सह-संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के प्रभार से मुक्त होंगे. सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का प्रभार यथावत् रहेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2017.

नया रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2017

क्रमांक 1517/LV-14-65-2017-March/1-8/स्था.—श्री आर. के. राठौर, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग का दिनांक 01-05-2017 से 09-05-2017 तक 09 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. राठौर, आगामी आदेश तक अवर सचिव, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री आर. के. राठौर को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राठौर, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नया रायपुर, दिनांक 5 सितम्बर 2017

क्रमांक 2607/153/2017/1-8/स्था.—श्री विक्रम सिंह सिसोदिया, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (संविदा), मुख्यमंत्री सचिवालय आदेश दिनांक 03-08-2017 द्वारा दिनांक 22-09-2017 से 29-09-2017 तक आपको Rod Laver Cup टेनिस प्रतियोगिता में Observer के रूप में (Austria) विदेश जाने की अनुमति प्रदान की गई है. आपके द्वारा दिनांक 18-08-2017 को दी गई सूचना के आधार पर उक्त विदेश यात्रा एवं उक्त अवधि का अर्जित अवकाश निरस्त किया जाता है.

नया रायपुर, दिनांक 13 सितम्बर 2017

क्रमांक 2715/153/2017/1-8/स्था.—श्री विक्रम सिंह सिसोदिया, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, (संविदा) मुख्यमंत्री सचिवालय को दिनांक 05-10-2017 से 17-10-2017 तक (13 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सिसोदिया आगामी आदेश तक कर्तव्यस्थ अधिकारी, (संविदा) मुख्यमंत्री सचिवालय में पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश अवधि में श्री सिसोदिया को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिसोदिया अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एस. राजपूत, अवर सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 20-72/2011/11/(6).—छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 (क्रमांक 23 सन् 2011) की धारा 3, 4, 5, एवं 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 28 दिसम्बर, 2011 को जारी अधिसूचना के सरल क्र. 3 उद्योग संचालनालय की क्रमांक 6 के पश्चात् नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाऐं, प्रदान करने

के लिये निश्चित की गई समय–सीमा, सेवा प्रदान करने वाले पदाभिहित अधिकारी (पद), सक्षम अधिकारी का पदनाम एवं अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम, जोड़ते हुए अधिसूचित करती है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र.	कार्यालय/निकाय/ अभिकरण	छ.ग. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 हेतु सेवा जो प्रदाय की जानी है	सेवा प्रदाय करने (आवेदन निराकरण) की समय–सीमा	सेवा प्रदाय करने वाले पदाभिहित अधिकारी (पद)	सक्षम अधिकारी	अपीलीय प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
7	उद्योग संचालनालय	स्टाम्प शुल्क से छूट	21 दिवस	संचालक उद्योग/ उद्योग आयुक्त	विशेष सचिव/ प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
8	—तदैव—	पंजीयन शुल्क पर छूट	21 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
9	—तदैव—	नवीन उद्योगों को विद्युत शुल्क से छूट बाबत् अनुशंसा.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
10	—तदैव—	प्रवेश कर भुगतान से छूट स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
11.	—तदैव—	मंडी शुल्क की स्वीकृति	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
12.	—तदैव—	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
13.	—तदैव—	प्राथमिकता उद्योग प्रमाण पत्र	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
14.	—तदैव—	पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
15.	—तदैव—	केन्द्रीय विक्रयकर में छूट स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
16.	उद्योग संचालनालय/ छत्तीसगढ़ स्टेट इण्ड. डेव्ह. कार्पोरेशन लि.	छ.ग. राज्य खाद्य प्रसंस्करण मिशन की योजनाएं में अनुदान का वितरण.				
		अ. खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों का तकनीकी उन्नयन/ स्थापना/आधुनिकीकरण.	90 दिवस	अपर संचालक, उद्योग संचालक/ कार्यपालन संचालक, सीएसआईडीसी	—तदैव—	—तदैव—
		ब. उद्यानिकी एवं गैर उद्यानिकी क्षेत्रों में नवीन कोल्डचेन (शीतश्रंखला) हेतु, मूल्य संवर्धन एवं संरक्षण अधोसंरचना का विकास.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
		स. ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक प्रसंस्करण केंद्र/संग्रहण केन्द्र की स्थापना.	90 दिवस	अपर संचालक, उद्योग संचालनालय/ कार्यपालक संचालक, सीएसआईडीसी	विशेष सचिव/ प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
		द. रीफर वाहन योजना	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 20-72/2011/11/(6).—छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 (क्रमांक 23 सन् 2011) की धारा 3, 4, 5, एवं 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 28 दिसम्बर, 2011 को जारी अधिसूचना के सरल क्र. 6 वाष्पयंत्र निरीक्षकालय छ.ग. की क्रमांक 6 के पश्चात् नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने के लिये निश्चित की गई समय-सीमा, सेवा प्रदान करने वाले पदाभिहित अधिकारी (पद), सक्षम अधिकारी का पदनाम एवं अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम, जोड़ते हुए अधिसूचित करती है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र. (1)	कार्यालय/निकाय/ अभिकरण का नाम (2)	छ.ग. लोक सेवा गारंटी अधिनियम-2011 हेतु सेवा जो प्रदाय की जानी है (3)	सेवा प्रदाय करने की समय-सीमा (कार्य दिवस) (4)	सेवा प्रदाय करने वाले लोक प्राधिकारी (पद) (5)	सक्षम प्राधिकारी (6)	अपीलीय अधिकारी (7)
7	वाष्पयंत्र निरीक्षकालय	बॉयलर विनिर्माता (मेनुफैक्चरर) के रूप में अनुमोदन जारी करना.	30 दिवस	मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र	संचालक, उद्योग संचालनालय	सचिव, छ.ग. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग.
8.	वाष्पयंत्र निरीक्षकालय	बॉयलर विनिर्माता (मेनुफैक्चरर) के रूप में अनुमोदन का नवीनीकरण करना.	15 दिवस	मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र	संचालक, उद्योग संचालनालय	सचिव, छ.ग. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग.
9.	वाष्पयंत्र निरीक्षकालय	बॉयलर संस्थापनकर्ता (इरेक्टर)/दुरूस्तीकर्ता (रिपेयरर) के रूप में अनुमोदन जारी करना.	30 दिवस	मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र	संचालक, उद्योग संचालनालय	सचिव, छ.ग. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग.
10.	वाष्पयंत्र निरीक्षकालय	बॉयलर संस्थापनकर्ता (इरेक्टर)/दुरूस्तीकर्ता (रिपेयरर) के रूप में अनुमोदन का नवीनीकरण करना.	30 दिवस	मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र	संचालक, उद्योग संचालनालय	सचिव, छ.ग. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग.

नया रायपुर, दिनांक 18 अगस्त 2017

क्रमांक एफ 20–72/2011/11/(6).—छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 (क्रमांक 23 सन् 2011) की धारा 3, 4, 5, एवं 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 28 दिसम्बर, 2011 को जारी अधिसूचना के सरल क्र. 1 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की क्रमांक 10 के पश्चात् नीचे दी गई अनुसूची में उल्लेखित विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाएं प्रदान करने के लिये निश्चित की गई समय–सीमा, सेवा प्रदान करने वाले पदाभिहित अधिकारी (पद), सक्षम अधिकारी का पदनाम एवं अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम, जोड़ते हुए अधिसूचित करती है, अर्थात् :—

अनुसूची

क्र.	कार्यालय/निकाय/ अभिकरण	छ.ग. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 हेतु सेवा जो प्रदाय की जानी है	सेवा प्रदाय करने (आवेदन निराकरण) की समय–सीमा	सेवा प्रदाय करने वाले पदाभिहित अधिकारी (पद)	सक्षम अधिकारी	अपीलीय प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
11	जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र.	स्टाम्प शुल्क से छूट	15 दिवस	मुख्य महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक.	जिला कलेक्टर	संभागीय आयुक्त
12	—तदैव—	भू–डायवर्सन शुल्क में छूट हेतु अनुशंसा.	21 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
13	—तदैव—	नवीन उद्योगों को विद्युत शुल्क से छूट बाबत् अनुशंसा.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
14.	—तदैव—	प्रवेश कर भुगतान से छूट स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
15.	—तदैव—	मार्जिन मनी अनुदान स्वीकृति	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
16.	—तदैव—	ब्याज अनुदान स्वीकृति	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
17.	—तदैव—	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
18.	—तदैव—	परियोजना प्रतिवेदन अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
19.	—तदैव—	गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
20.	—तदैव—	तकनीकी पेटेन्ट अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
21.	—तदैव—	प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
22.	—तदैव—	विकलांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
23	—तदैव—	इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान स्वीकृति.	30 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
24	—तदैव—	मंडी शुल्क छूट की स्वीकृति	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
25.	—तदैव—	पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता स्वीकृति.	90 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
26	जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र.	केन्द्रीय विक्रयकर में छूट स्वीकृति.	90 दिवस	मुख्य महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक.	जिला कलेक्टर	संभागीय आयुक्त
27	—तदैव—	पंजीयन शुल्क पर छूट	21 दिवस	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
28	—तदैव—	मंडी शुल्क प्रतिपूर्ति अनुदान का वितरण.	6 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
29	—तदैव—	मार्जिन मनी अनुदान का वितरण	12 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
30	—तदैव—	ब्याज अनुदान का वितरण	12 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
31	—तदैव—	स्थायी पूंजी निवेश अनुदान का वितरण.	12 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
32	—तदैव—	परियोजना प्रतिवेदन अनुदान का वितरण.	6 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
33	—तदैव—	गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान का वितरण.	6 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
34	—तदैव—	तकनीकी पेटेन्ट अनुदान का वितरण.	2 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
35	—तदैव—	प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान का वितरण.	2 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
36	—तदैव—	विकलांग (नि:शक्त) रोजगार अनुदान का वितरण.	2 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
37	—तदैव—	इनवायरमेंट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अनुदान का वितरण.	2 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
38	—तदैव—	पूंजीगत प्रोत्साहन सहायता अनुदान का वितरण.	18 माह	—तदैव—	—तदैव—	—तदैव—
39	छत्तीसगढ़ स्टेट इण्ड. डेव्ह. कार्पोरेशन लि./ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र.	छ.ग. राज्य खाद्य प्रसंस्करण मिशन की योजनाएं में अनुदान का वितरण				
		अ. खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों का तकनीकी/उन्नयन/स्थापना/ आधुनिकीकरण.	12 माह	कार्यपालक संचालक, सीएसआईडीसी	प्रबंध संचालक, सीएसआईडसी/	प्रभारी सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
		ब. उद्यानिकी एवं गैर उद्यानिकी क्षेत्रों में नवीन कोल्डचेन (शीतश्रंखला) हेतु, मूल्य संवर्धन एवं संरक्षण अधोसंरचना का विकास.	12 माह	मुख्य महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र	जिला कलेक्टर	संभागीय आयुक्त
		स. ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्र/संग्रहण केन्द्र की स्थापना.	12 माह			
		द. रीफर वाहन योजना	12 माह			

नया रायपुर, दिनांक 5 सितम्बर 2017

क्रमांक एफ 20-87/2012/11/(6).—चूंकि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 26-12-2012 द्वारा जारी "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2012" में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

(एक) फल एवं सब्जी प्रसंस्करण/परिरक्षण उद्योगों हेतु विशेष पैकेज के क्रियान्वयत हेतु राज्य की "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति 2012" में कंडिका "9 कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को निवेश प्रोत्साहन" में कंडिका 9.5 के पश्चात कंडिका 9.6 के रूप में निम्नानुसार जोड़ा जाता है :—

9.6 राज्य के किसी ग्राम में रु. 25 हजार से रु. 25 लाख तक की प्लांट एवं मशीनरी में निवेश वाले फल एवं सब्जी प्रसंस्करण/परिरक्षण उद्योगों को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति 2012 के परिशिष्ट-2 में वर्णित पैकेज की पात्रतानुसार सुविधायें, छूट एवं अनुदान दिया जायेगा.

(दो) राज्य की "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012" में कंडिका 9, "कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को निवेश प्रोत्साहन" में कंडिका 9.7 के रूप में निम्नानुसार जोड़ा जाता है :—

9.7 राज्य के किसी संभाग में रु. 500 करोड़ अथवा अधिक स्थायी लागत वाली प्रथम खाद्य प्रसंस्करण इकाई को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 के परिशिष्ट-तीन अनुसार वर्णित सुविधायें, छूट एवं अनुदान पात्रतानुसार दिया जायेगा.

(तीन) उक्त परिशिष्ट-दो एवं परिशिष्ट-तीन निम्नानुसार है :—

परिशिष्ट-दो

फल एवं सब्जी प्रसंस्करण/परिरक्षण उद्योगों हेतु विशेष पैकेज

1. यह विशेष पैकेज, छ.ग. राज्य के ग्रामों (जनसंख्या सर्वेक्षण 2011 के अनुसार) में स्थापित होने वाले (चाहे वह औद्योगिक दृष्टि से विकासशील क्षेत्रों में हो अथवा औद्योगिक क्षेत्रों से पिछड़े क्षेत्रों में हो, जैसा कि औद्योगिक नीति 2014-19 के परिशिष्ट 7 एवं 8 में परिभाषित है) केवल फल एवं सब्जी परिरक्षण/प्रसंस्करण करने वाले नवीन उद्योगों जिसमें प्लांट एवं मशीनरी में रु. 25 हजार से 25 लाख तक पूंजी निवेश हो, के लिये लागू होगा. इससे अधिक लागत वाली इकाईयों को औद्योगिक नीति 2014-19/कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012/छ.ग. राज्य खाद्य प्रसंस्करण मिशन की योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार मिलेगा.

2. यह विशेष पैकेज कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति 2012 की अवधि अर्थात 31-10-2019 तक लागू होगा.

3. इस विशेष पैकेज का लाभ लेने हेतु उद्यमी को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति 2012 के अंतर्गत जारी अन्य नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करना होगा.

4. इस पैकेज में वर्णित अनुदान एवं सुविधाओं का लाभ इनके लिए पूर्व में जारी अधिसूचनाओं एवं प्रक्रिया के अनुसार ही होगा तथा आवश्यक होने पर परिभाषाएं/नियम जारी किये जायेंगे.

5. इस पैकेज में उल्लेखित अनुदान एवं छूट के अतिरिक्त उद्यमी को औद्योगिक नीति 2014-19, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 में वर्णित अन्य अनुदान एवं छूट हेतु अधिसूचित नियमों में उल्लेखित पात्रता अनुसार (उद्यमी द्वारा चयनित कोई भी एक) प्राप्त होंगे.

6. फल एवं सब्जी प्रसंस्करण/परिरक्षण उद्योगों हेतु पैकेज की सुविधायें एंव अनुदान

(i) **ब्याज अनुदान :—**

पात्र उद्योगों को सावधि ऋण पर निम्नलिखित विवरण अनुसार ब्याज अनुदान देय होगा :—

(अ) **सामान्य वर्ग के लिए :—**

क्र.	पूंजी निवेश स्लैब	फल/सब्जी प्रसंस्करण उद्योग हेतु अनुदान
1.	रु. 25 हजार से-25 लाख तक	10 वर्ष तक सावधि ऋण पर कुल भुगतान किए गए ब्याज का 70% अधिकतम सीमा 05 लाख वार्षिक.

(ब) **अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लिए :—**

क्र.	पूंजी निवेश स्लैब	फल/सब्जी प्रसंस्करण उद्योग हेतु अनुदान
1.	रु. 25 हजार से–25 लाख तक	10 वर्ष तक सावधि ऋण पर कुल भुगतान किए गए ब्याज का 70% अधिकतम सीमा 10 लाख वार्षिक.

(ii) **स्थायी पूंजी निवेश अनुदान :—**
पात्र उद्योगों को निम्नलिखित विवरण अनुसार स्थायी पूंजी निवेश अनुदान दिया जायेगा :—

(अ) **सामान्य वर्ग के लिए :—**

क्र.	पूंजी निवेश स्लैब	फल/सब्जी प्रसंस्करण उद्योग हेतु अनुदान
1.	रु. 25 हजार से–10 लाख तक	स्थाई पूंजी निवेश का 40% अधिकतम सीमा 05 लाख.
	रु. 10 लाख से–25 लाख तक	स्थाई पूंजी निवेश का 50% अधिकतम सीमा 12.5 लाख.

(ब) **अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लिए :—**

क्र.	पूंजी निवेश स्लैब	फल/सब्जी प्रसंस्करण उद्योग हेतु अनुदान
1.	रु. 25 हजार से–25 लाख तक	स्थाई पूंजी निवेश का 60% अधिकतम सीमा 15 लाख.

(iii) **विद्युत शुल्क छूट :—**
राज्य की नीति के अंतर्गत स्थापित होने वाले सभी संवर्ग के नवीन पात्रताधारित उद्योगों द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तारीख से स्वयं की बिजली की खपत की गई यूनिटों पर 10 वर्ष तक देय विद्युत शुल्क के भुगतान से छूट रहेगी.

(iv) **भूमि उपयोग में परिवर्तन :—**
निवेशकों के वर्ग की दृष्टि से वर्गीकृत समस्त श्रेणियों के उद्यमियों द्वारा स्थापित केवल पात्र नवीन, सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को भू–उपयोग परिवर्तन (औद्योगिक प्रयोजन होने पर) अधिकतम 15 हजार फुट भूमि (परिवार में केवल एक खातेदार के लिए) भू–पुर्ननिर्धारण कर (डायवर्सन शुल्क) में 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी.

टीप :— उपरोक्त विशेष पैकेज के साथ–साथ आद्यौगिक नीति 2014–19 के अनुदान, छूट एवं रियायतों के तहत् स्टॉम्प शुल्क में छूट, औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों के भू–आवंटन पर भू–प्रीमियम में छूट, परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान, तकनीकी पेटेन्ट अनुदान व प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान तथा निशक्त अनुदान पात्रता अनुसार होंगे.

परिशिष्ट–तीन

प्रदेश के किसी संभाग में रु. 500 करोड़ से अधिक स्थायी पूंजी निवेश वाली प्रथम खाद्य, फल, सब्जी एवं गैर काष्ठीय वन उत्पाद (NTFP) प्रसंस्करण परियोजना के लिए विशेष पैकेज

(1) इस पैकेज का लाभ लेने के लिये औद्योगिक नीति 2014–19 तथा राज्य की कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 में दी गई परिभाषायें मान्य होंगी.

(2) इस पैकेज का लाभ लेने पर संबंधित परियोजना को भारत सरकार एवं राज्य शासन के किसी अन्य विभाग से समान सुविधा तथा समान प्रकृति के लाभ प्राप्त नहीं होंगे.

(3) इस पैकेज के तहत पात्र संस्थान को इस पैकेज के अनुसार ही अनुदान छूट एवं रियायतें प्राप्त होंगे, चाहे वह सामान्य वर्ग का निवेशक को या अनुसूचित जाति/जनजाति, अप्रवासी भारतीय, एफ.डी.आई. निवेशक, निर्यातक, महिला या नक्सल प्रभावित हो.

(4) स्टाम्प शुल्क से छूट हेतु प्रथम प्रमाण-पत्र जारी किये जाने के दिनांक से 36 माह की अवधि के भीतर परियोजना का वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा स्टांप शुल्क से छूट प्रमाण-पत्र निरस्त किया जा सकेगा. ऐसी स्थिति में स्टांप शुल्क में छूट से प्राप्त लाभ की राशि निवेशक द्वारा स्टांप शुल्क से छूट प्रमाण-पत्र हेतु जारी नियमानुसार ब्याज के साथ शासन को देय होगी.

(5) कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012, वर्तमान में 31 अक्टूबर 2019 तक लागू है. इस विशेष पैकेज का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर 2019 तक पंजीयन प्राप्त करना आवश्यक होगा. इस संबंध में अधिसूचना जारी की जायेगी.

(6) वर्तमान में प्रभावी औद्योगिक नीति 2014-19 में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक दृष्टि से विकासशील/पिछड़े क्षेत्रों में वर्गीकृत है. इस पैकेज हेतु कोई वर्गीकरण नहीं होगा.

(7) रु. 500 करोड़ से अधिक कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण परियोजना में प्रारंभ होने वाले उत्पादों के इस विशेष पैकेज पर औद्योगिक नीति 2014-19 के परिशिष्ट दो-"संतृप्त श्रेणी के उद्योगों की सूची (अपात्र उद्योगों की सूची)" तथा कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 के परिशिष्ट एक-"अपात्र उद्योगों की सूची" प्रभावशील रहेगी किन्तु संतृप्त श्रेणी (अपात्र उद्योग) का उद्योग किसी अन्य श्रेणी के उद्योग के साथ स्थापित किये जाने की दशा में संपूर्ण परियोजना में किये गये निवेश में संतृप्त श्रेणी के उत्पाद में किये गये निवेश को कम कर शेष निवेश कर औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन की पात्रता होगी.

(8) इस विशेष पैकेज का लाभ संबंधित परियोजनाओं को देने के लिये पैकेज के राजपत्र में जारी होने के दिनांक से 03 माह के भीतर अधिसूचनाएँ जारी की जायेगी, नियम बनाये जायेंगे तथा संगत कानूनों के अंतर्गत प्रशासकीय निर्देश भी जारी किये जायेंगे एवं आवश्यक होने पर परिभाषाएं भी जारी की जावेगी.

(9) इस पैकेज में निम्नांकित छूट एंव अनुदान पात्रतानुसार दिये जायेंगे :—

1. लैण्ड बैंक में भूमि आवंटित किये जाने पर प्रब्याजि में 75 प्रतिशत की छूट दी जावेगी, लीज रेंट तथा अन्य देय शुल्कों में कोई छूट नहीं दी जायेगी. इसके लिये प्रब्याजि की गणना सांकेतिक रूप से की जायेगी.

2. भूमि आवंटन पर स्टाम्प ड्यूटी से 100 प्रतिशत छूट दी जावेगी. यह छूट प्रथम स्टाम्प शुल्क छूट प्रमाण पत्र जारी होने की दिनांक से 36 माह में परियोजना में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने पर मान्य होगी.

3. परियोजना के लिये बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से ऋण पर प्रथम 3 वर्षों के लिए स्टाम्प शुल्क से पूर्ण छूट.

4. औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर भू-आवंटन हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमि. को 5 प्रतिशत सर्विस चार्ज देय होगा.

5. स्थायी पूंजी निवेश की राज्य शासन को देय GST के रूप में प्रतिपूर्ति के संदर्भ में पृथक से नीतिगत निर्णय लिया जायेगा.

6. परियोजना हेतु अधिसूचित बैंकों से, लिये जाने वाले सावधि ऋण (परियोजना के लिये आवश्यक स्थायी पूंजी निवेश का 80 प्रतिशत सीमा तक) पर 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत ब्याज (कुल स्थायी पूंजी निवेश के 50 प्रतिशत की सीमा तक) की प्रतिपूर्ति.

7. पात्रताधारित सभी संवर्ग के उद्योग को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तारीख से 15 वर्ष तक स्वयं खपत की गई बिजली की यूनिटों पर देय विद्युत शुल्क भुगतान से 100 प्रतिशत की छूट रहेगी. लेकिन संस्थान द्वारा विद्युत शुल्क में छूट हेतु उद्योग संचालनालय से अनुशंसित आवेदन मुख्य विद्युत निरीक्षकालय में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के 06 माह की समय-सीमा में प्रस्तुत करना होगा.

8. प्रदेश के किसी संभाग में रु. 500 करोड़ से अधिक स्थायी पूंजी निवेश वाली प्रथम खाद्य, फल, सब्जी एवं गैर काष्ठीय वन उत्पाद (NTFP) प्रसंस्करण परियोजना को राज्य की मंडियों/सीधे उत्पादनकर्त्ता कृषक/इकाई/राज्य के बाहर से सर्वप्रथम कच्चा माल क्रय करने के दिनांक से 15 वर्ष तक के लिए कृषि उत्पादों (परिशिष्ट एक में वर्णित अपात्र उद्योगों को छोड़कर) पर लगने वाले मंडी शुल्क के पूर्ण (100 प्रतिशत) छूट प्रदान की जावेगी, छूट की अधिकतम सीमा प्रसंस्करण इकाई द्वारा किये गए स्थायी पूंजी निवेश के 75 प्रतिशत के बराबर होगी.

9. परियोजना में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से 3 वर्ष तक भूमि भवन, प्लांट मशीनरी, विद्युत आपूर्ति एवं जल आपूर्ति में होने वाले निवेश को स्थायी पूंजी निवेश के अंतर्गत मान्य किया जायेगा.

10. परियोजना में संलग्न छत्तीसगढ़ के स्थानीय तकनीकी एवं कुशल कामगारों के कौशल विकास हेतु, परियोजना में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने के दिनांक से प्रथम 500 कामगारों के प्रथम 12 माह के देय ईपीएफ बराबर की राशि की प्रतिपूर्ति अनुदान के रूप में निवेशक को प्रत्येक माह दी जायेगी.

11. उपरोक्त विशेष पैकेज के साथ-साथ परियोजना को औद्योगिक नीति 2014-19 कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2012 एवं छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य प्रसंस्करण मिशन में वर्णित अन्य अनुदान, छूट एवं रियायतों हेतु अधिसूचित नियमों में उल्लेखित पात्रता अनुसार, समान स्वरूप का अनुदान होने की दशा में उद्यमी द्वारा चयनित कोई भी एक ही अनुदान, भी प्राप्त होंगे.

(चार) उक्त दोनों प्रस्तावित पैकेज के संदर्भ में नियम निर्देश जारी करने तथा आवश्कतानुसार संशोधन करने हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को अधिकार होगा.

ये संशोधन अधिसूचना के जारी होने के दिनांक से प्रवृत्त हुए समझे जायेंगे.

नया रायपुर, दिनांक 11 सितम्बर 2017

क्रमांक एफ 20-47/2013/ग्यारह/(छै).—चूंकि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित से ऐसा करना आवश्यक है.

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 15-03-2015 द्वारा जारी "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

(एक) उक्त अधिसूचना के अध्याय-4 विविध परिशिष्ट के परिशिष्ट-1 औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि, भवन-शेड, प्रकोष्ठ की भूमि की प्रब्याजी, भू-भाटक, संधारण शुल्क की दरें में 2 सहायक (अनुषांगिक) प्रयोजन हेतु (स) उद्योगों हेतु सहयोगी सेवा व्यापार के लिये पट्टा प्रब्याजि, भू-भाटक, संधारण शुल्क इत्यादि की दरों की सारणी में अनुक्रमांक-7 के रूप में निम्नानुसार जोड़ा जाये—

क्रमांक	गतिविधि का नाम	भूमि/भवन/प्रकोष्ठ आवंटन की अधिकारिता (क्षेत्राधिकार अनुसार)	अवयव	दर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
4.	7-राज्य शासन के किसी विभाग/संचालनालय अथवा उसके निगम के द्वारा संचालित भोजनालय हेतु भूमि/भवन/प्रकोष्ठ (अधिकतम कोई सीमा नहीं).	वाणिज्य एवं उद्योग विभाग	भूमि की प्रब्याजि	नि:शुल्क
			भवन हेतु मासिक किराया	नि:शुल्क
			भू-भाटक (प्रतिवर्ष)	नि:शुल्क
			प्रतिभूति	नि:शुल्क
			संधारण शुल्क (प्रतिवर्ष देय)	नि:शुल्क
			विकास शुल्क (एक बार देय)	नि:शुल्क

ये संशोधन दिनांक 06-05-2017 से प्रवृत्त हुये समझे जायेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 12 सितम्बर 2017

क्रमांक/एफ 8-1/2012/11/(6).—बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 34(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा एनएसपीसीएल, भिलाई के बायलर क्रमांक सीजी/343 यूनिट-2 को दिनांक 12-09-2017 से 31-10-2017 तक निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधनों के प्रवर्तन से छूट प्रदान करता है :—

(1) संदर्भाधीन बॉयलर अथवा बायलर कंपोनेट में होने वाली किसी भी दुर्घटना की सूचना बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल निरीक्षक वाष्पयंत्र/मुख्यनिरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर, पाइप लाइन तथा बायलर कंपोनेट में किसी प्रकार संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) भारतीय बॉयलर विनियम, 1950 के विनियम 385 क की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम रूप से जमा कराई जावेगी.

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लीना कोसम, अवर सचिव.

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 6 सितम्बर 2017

क्रमांक एफ 04-02/2017/23.—सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 (2009 का सं. 7) की धारा 3 एवं 4 सहपठित सांख्यिकी संग्रहण नियम, 2011 के नियम 5 एवं 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई अनुसूची—एक के अनुसार सांख्यिकी सर्वेक्षण, जो इसमें इसके पश्चात् उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण के रूप में निर्दिष्ट है, के माध्यम से सेवा क्षेत्र स्थापना एवं संबंधित कार्यकलापों पर आंकड़े एकत्र करने का निर्देश देती है एवं भौगोलिक इकाईयों के संबंध में नीचे उल्लिखित अनुसूची—दो के अनुसार सांख्यिकी अधिकारी नियुक्त करती है :—

अनुसूची—एक

1. **सांख्यिकी संग्रहण का विषय और प्रयोजन—** उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण के माध्यम से, संगठित विनिर्माण क्षेत्र के विकास, संरचना और ढॉचे से संबंधित आंकडे, जिसमें विनिर्माण प्रक्रिया, मरम्मत सेवाएं, गैस तथा जल आपूर्ति और शीत भंडारण से संबंधित कार्यकलाप समाविष्ट है, एकत्र किये जायेंगे.

2. **सांख्यिकी संग्रहण के लिए भौगोलिक क्षेत्र—** उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण, छत्तीसगढ़ राज्य में सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 (2009 का सं. 7) के अधीन राज्य क्षेत्र के लिये चयनित प्रतिदर्श इकाई के संबंध में किया जा रहा है.

3. **आंकड़े संग्रहण की पद्धति—** प्रत्येक सांख्यिकी अधिकारी के द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सूचनादाताओं को नोटिस जारी किया जायेगा जिसमें, जिस आंकड़े के लिये, जिस अधिकारी अथवा कार्यालय को, जिस इकाई अथवा इकाईयों के लिये और प्रपत्र जिसमें, सूचना देना अपेक्षित है, की जानकारी उपदर्शित होगी. सांख्यिकी अधिकारी, ऐसी अन्य शर्तों, जैसा कि उसके द्वारा सूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये, के अध्यधीन रहते हुए, सूचनादाता को इलेक्ट्रानिक प्ररूप में विहित सूचना प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकता है.

4. **सूचनादाताओं की प्रकृति जिनसे आंकड़े एकत्र किये जायेंगे—**

(एक) इकाई (कोई फैक्ट्री या बिजली अथवा गैस या जल आपूर्ति उपक्रम अथवा बीड़ी और सिगार कामगार (रोजगार की शर्तें) अधिनियम, 1966 (1966 का सं. 32) के अधीन पंजीकृत स्थापन) का मालिक अथवा अधिभोगी, जिसे इकाई के बारे में सूचना उपलब्ध कराने हेतु सांख्यिकी अधिकारी द्वारा नोटिस जारी की जायेगी.

(दो) सांख्यिकी अधिकारी, वैयक्तिक इकाइयों के लिये अलग—अलग सूचना उपलब्ध न होने की दशा में, एकल प्रबंधन के अधीन दो अथवा अधिक इकाईयों के संबंध में मालिक अथवा अधिभोगी से, ऐसी अन्य शर्तों, जैसा कि नोटिस में उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाये, के अध्यधीन रहते हुए, समेकित सूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा कर सकेगा.

5. **अवधि जिसके दौरान सांख्यिकी संग्रहण कार्य किये जा सकेंगे—** सूचना में, प्रत्येक सूचनादाता द्वारा सूचना प्रस्तुत करने की तारीख का उल्लेख किया जायेगा और यह सामान्यतः अक्टूबर, 2016 एवं जून, 2017 के बीच की कालावधि के लिये होगी.

6. **संदर्भ कालावधि—** 1 अप्रैल, 2015 से शुरू होने वाले और 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष अथवा इकाई का लेखांकन वर्ष, जो 1 अप्रैल, 2015 और 31 मार्च, 2015 के बीच किसी भी तारीख को समाप्त होता है, के लिये सूचना उपलब्ध कराना अपेक्षित है.

7. **एकत्र की जाने वाली सूचना की प्रकृति—** भाग—एक के अनुसार अपेक्षित सूचना, आस्तियों एवं दायित्वों, रोजगार तथा श्रमिक लागत, प्राप्तियां, व्यय, इनपुट मदें (देशीय और आयातित), उत्पाद तथा उप—उत्पाद, वितरण व्यय इत्यादि से संबंधित हैं.

8. **भाषा जिसमें सूचनादाता द्वारा सूचना दी जानी है—** सूचनादाता, या तो हिंदी या अंग्रेजी में विहित प्रारुप में सूचना उपलब्ध करायेगा.

9. **सूचनादाता की बाध्यता—** किसी इकाई का मालिक अथवा अधिभोगी, सूचना उसी रीति में और उस तारीख तक प्रस्तुत करेगा, जैसा की संबंधित सांख्यिकी अधिकारी से प्राप्त नोटिस में उल्लिखित किया गया हो. उसे निरीक्षण हेतु सुसंगत अभिलेख भी प्रस्तुत करने होंगे तथा सांख्यिकी अधिकारी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा चाही गई सूचना, जैसा कि अपेक्षित किया जाये, के संबंध में प्रश्नों के उत्तर देने होंगे.

